इंडिया-अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में पोस्टल या डाक क्षेत्र में अफ्रीकी देशों के प्रशासन और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत में**भारत-अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट**' का आयोजन किया गया।

- यह यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के **"दक्षिण-दक्षिण और त्रिकोणीय सहयोग"** कार्यक्रम के तहत एक पहल है और इसे इंडिया पोस्ट तथा **यूनाइटेड स्टेट्स पोस्टल** सर्विस के सहयोग से आयोजित किया जाता है।
    - इस बैठक का **मुख्य विषय** अध्ययन यात्राओं के माध्यम से **क्षमता निर्माण** है।
- अध्ययन यात्राओं के दौरान **इंडिया पोस्ट** ने **इंडिया पोस्ट** के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें**ई-कॉमर्स पार्सल, डाक निर्यात केंद्र, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा डाक वित्तीय सेवाएँ, आधार आधारित सेवाएँ, पासपोर्ट सेवाएँ और डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र** शामिल थे।
- यह बैठक भारत के नेतृत्व में की गई दूरदर्शी पहलों जैसे **'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट'**, **भारत-अफ्रीका मंच** और 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान **अफ्रीकी संघ** को जी-20 में शामिल करने की पृष्ठभूमि में भी महत्त्वपूर्ण है।
- **वैश्विक दक्षिण के 22 अफ्रीकी देशों के डाक संगठनों के प्रतिनिधियों** के रूप में 42 डाक प्रशासन प्रमुखों और अन्य वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने इस बैठक में भाग लिया।

और पढ़ें: भारत-अफ्रीका साझेदारी: उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ और रोडमैप 2030

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-africa-postal-leaders-meet